दिनांक : 06.07.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया–प्रदेषभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का षुभारंभ।
- संसद का बजट सत्र आगामी 22 जुलाई से होगा षुरू।
- संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिलों में किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम।

और

- प्रदेष के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिष का अलर्ट जारी।

...............

एक पेड़ मां के नाम अभियान

प्रदेशभर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जा रहे है। अभियान का षुभारंभ राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान के सामने मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है। वनस्पति के साथ–साथ नदी, पहाड़ को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर पूरे देश में संचालित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत राज्य शासन ने भी प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण का संकल्प लिया है। इस क्रम में प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। इंदौर में 51 लाख, भोपाल और जबलपुर जिले में 12–12 लाख पौधे लगाए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आदमपुर छावनी में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की थी। एक पेड़ मां के नाम और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय सहित शाखाओं, समिति और राशन दुकानो के सैकड़ो अधिकारी, कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का परिचय दिया। रायसेन स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई पार्क में ''एक पेड़ मॉ के नाम'' अभियान अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डिजिटल मैमोग्राफी

उप–मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इंदौर के एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज एवं एम. वाय. अस्पताल इंदौर में डिजिटल मैमोग्राफी एवं टोमोसिंथेसिस मशीन की स्थापना को एक अत्यंत कारगर और महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने बताया कि इस मशीन से स्तन कैंसर के मामलों की जल्द पहचान और प्रभावी उपचार संभव हो सकेगा। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विवेक कुमार पोरवाल ने बताया कि इस मशीन से स्तन की छोटी से छोटी गठान का भी पता लगाया जा सकेगा। महिला मरीजों को इतनी आधुनिक तकनीक से कम शुल्क में यह जाँच उपलब्ध होगी। यह मशीन स्तन कैंसर के जल्द चिन्हांकन से त्वरित और कारगर उपचार में वरदान साबित होगी।

संसद–बजट सत्र

संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2024–25 लोकसभा में 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री

रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव की केन्द्र सरकार की सिफारिश का अनुमोदन कर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय–नीट

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट यू जी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है, क्योंकि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी युगदृष्टा थे। उन्होंने देश के सामने मौजूद समस्याओं का पूर्वानुमान लगाकर देश की एकता बनाए रखने और देशवासियों को जागरूक करने का अद्भुत कार्य किया। मुख्यमंत्री आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि डॉ. मुखर्जी की आज जयंती है।

सम्पूर्णता अभियान–बंडवानी

प्रदेष के आकांक्षी जिलों में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। संपूर्णता अभियान का उद्देष्य आंकाक्षी जिले व ब्लाक में 6 प्रमुख संकेतकों–गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, नियमित रूप से गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार, मृदा परीक्षण कर स्वास्थ्य कार्ड बनाना, बच्चों को पूर्णतया टीकाकरण, माध्यमिक स्तर के स्कूलों में विद्युत सुविधा तथा शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह के भीतर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना है। पष्चिमी निमाड़ का आदिवासी बहुल बड़वानी जिला भी आकांक्षी जिला है यहां इन लक्ष्यों को तीन माह में शतप्रतिषत पूर्ण करने के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है।

वीओ–1.36''

संपूर्णता अभियान–पन्ना

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकासखण्ड में संबंधित विभाग के लक्षित संकेतकों को संतृप्त करने के उद्देश्य से आगामी 30 सितम्बर तक संपूर्णता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में पन्ना जिले के आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में भी अभियान का शुभारंभ आज किया गया। गुना जिला कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत ''संपूर्णता अभियान'' के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। खंडवा जिले के छैगांवमाखन के जनपद पंचायत परिसर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने संपूर्णता अभियान की शुरुआत की।

अमरनाथ यात्रा–श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में दोनों यात्रा मार्गों पर रातभर हुई बारिश के कारण दक्षिण कश्मीर हिमालय में श्री अमरनाथ यात्रा एहतियात के तौर पर रोक दी गई है।

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम और गांदरबल जिले में बालतल मार्ग पर रोका गया है। हालांकि अंतिम समाचार मिलने तक हेलीकॉप्टर सेवाएं जारी थी।

चार हजार से अधिक यात्री पारंपरिक पहलगाम मार्ग पर नुनवान आधार शिविर में डेरा डाले हुए हैं। कल तड़के मौसम में सुधार होने पर यात्रियों को श्री अमरनाथ जी की ओर आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में मानूसन की गतिविधियां तेज हो गई है। राज्य में बारिश के दो सिस्टम एक्टिव होने की वजह से पूरे प्रदेश में बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने 7, 8 और 9 जुलाई को भी तेज बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग भोपाल के वैज्ञानिकों ने बताया कि दो ट्रफ और तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी प्रदेश में देखने को मिल रही है। इस वजह से प्रदेशभर में आंधी और बारिश का मौसम है। भोपाल में इस बार सामान्य से 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अबकी बार भले ही मानसून 3 दिन की देरी से पहुंचा, लेकिन अच्छा बरसेगा। राजधानी भोपाल की बात करें तो यहां अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- बालाघाट जिले के बैहर में आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई।
- 10वीं राज्य स्तरीय कुराष खेल प्रतियोगिता में आगरमालवा जिले के तीन खिलाडियों का चयन हुआ है। यह खिलाड़ी आज से दो दिनों तक अषोकनगर में हो रही प्रतियोगिता में भाग ले रहे है।
- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज इंदौर में पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जिला चिकित्सालय की निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने शेष निर्माण कार्य को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

-----------------